## चीनी उत्पादन 250 लाख टन

उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में बेहतर उत्पादन होने के कारण चालू मार्केटिंग सीजन 2012-13 में चीनी का उत्पादन पिछले अनुमान से कहीं ज्यादा रहने के आसार हैं। चालू सीजन में कुल उत्पादन 250 लाख टन तक पहुंच सकता है जबकि पहले 245 लाख टन का अनुमान लगाया गया था।

# देश में 250 लाख टन चीनी उत्पादन के आसार


### पहले 245 लाख टन चीनी के उत्पादन का अनुमान जताया था सरकार ने

**प्रेट्र** ♦ नई दिल्ली

**उत्तर प्रदेश** और महाराष्ट्र में बेहतर उत्पादन होने के कारण चालू मार्केटिंग सीजन 2012-13 में चीनी का उत्पादन पिछले अनुमान से कहीं ज्यादा रहने के आसार हैं। चालू सीजन में कुल उत्पादन 250 लाख टन तक पहुंच सकता है जबकि पहले 245 लाख टन उत्पादन का अनुमान लगाया गया था।

हालांकि चालू सीजन में उत्पादन पिछले सीजन से कम ही रहेगा। पिछले सीजन में देश में 260 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। केंद्रीय खाद्य मंत्री के. वी. थॉमस ने यहां संवाददाताओं को बताया कि देश के दो प्रमुख उत्पादक राज्य महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन पिछले अनुमान के मुकाबले बेहतर रह सकता है। इस वजह से कुल उत्पादन 250 लाख टन रह सकता है।

पिछले अक्टूबर में शुरू हुए मौजूदा सीजन में उद्योग ने 243 लाख टन चीनी का उत्पादन होने की संभावना जताई है। उद्योग भी जल्दी ही चीनी उत्पादन का संशोधित अनुमान जारी करेगा। थॉमस ने कहा कि घरेलू उत्पादन खपत पूरी करने के लिए पर्याप्त होगा। इस समय देश में हर साल 220-230 लाख टन चीनी की घरेलू खपत रहती है। उद्योग संगठन इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) द्वारा एकत्रित आंकड़ों के मुताबिक चालू सीजन के पहले पांच माह अक्टूबर से फरवरी के मध्य देश में 88 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ।



**मौजूदा सीजन**

- सरकार का उत्पादन अनुमान उद्योग से कहीं ज्यादा
- उद्योग ने 243 लाख टन उत्पादन होने का अनुमान लगाया
- इस्मा जल्दी ही संशोधित अनुमान जारी कर सकती है
- चीनी की घरेलू खपत 220-230 लाख टन रहने का अनुमान

बिजनेस भास्कर

12/3/13